विधान परिषद् के प्रथम सत्र, **2024** के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित श्री अशोक अग्रवाल, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न सं0-7 का उत्तर ।

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 7 (क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि गोमतीनगर, विस्तार योजना, लखनऊ में सरयू अपार्टमेन्ट के बगल में भवनों के सामने जो बिजली आपूर्ति का पोल (खम्भा) लगा हुआ है, वह पूर्णतया टेढ़ा हो गया है? | जी हाँ। प्रश्नगत पोल प्रकाश व्यवस्था से सम्बन्धित है, जिसको किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारकर टेढ़ा कर दिया गया था। सूचना प्राप्त होते ही उस पोल को स्थल से हटा दिया गया है एवं प्रकाश व्यवस्था हेतु समीपवर्ती अन्य पोल पर एल0ई0डी0 फिटिंग लगायी गयी हैं तथा प्रश्नगत पोल क्षतिग्रस्त होने के कारण उसके स्थान पर नया पोल लगाया जा रहा है। |
| (ख) | यदि हाँ, तो क्या किसी अप्रिय दुर्घटना को देखते हुए जनहित में उक्त पोल को कब तक शिफ्ट करा दिया जायेगा? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) | यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) | यदि हाँ, तो उक्त पोल कब तक ठीक करायेंगे? | प्रश्नगत पोल क्षतिग्रस्त होने के कारण उसके स्थान पर नया पोल लगाया जा रहा है। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्य मंत्री ।